ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय
कांके रांची, झारखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 22-07-2025

बोकारो(झारखण्ड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2025-07-22 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

| मौसम कारक | 2025-07-23 | 2025-07-24 | 2025-07-25 | 2025-07-26 | 2025-07-27 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 5.0 | 15.0 | 55.0 | 44.0 | 26.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 34.0 | 34.0 | 32.0 | 30.0 | 29.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 26.0 | 26.0 | 25.0 | 24.0 | 24.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 82 | 82 | 86 | 86 | 88 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 52 | 52 | 56 | 72 | 72 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 4 | 5 | 7 | 7 | 2 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 239 | 274 | 299 | 3 | 45 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 5 | 7 | 8 | 8 | 8 |
| चेतावनी | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | भारी वर्षा; आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | भारी वर्षा; आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ | आंधी और बिजली, तूफ़ान आदि; तेज़ सतही हवाएँ |

### पूर्वानुमान सारांश:

आने वाले दिनों में बादल छाए रहेंगे और बारिश की संभावना है। तापमान में कमी होने की संभावना है, हवा की गति सामान्य रहने की संभावना है।

### मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):

भारी वर्षा; गरज और बिजली, तूफान आदि; तेज सतही हवाएं

### मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:

फसलों का गिरना

### सामान्य सलाहकार:

| |
|---|
| जिन किसान का खेत अभी भी परती रह गया हो, वे अविलंब विभिन्न फसल की बोआई अनुशंसित विधि से करें। धान के फसल को छोड़कर अन्य सभी फसल की बोआई मेढ़ बनाकर ही करें। जिस किसान के पास ऊपरी खेत अभी भी परती रह गया है, वे कुलथी, उरद, मूंग या विभिन्न सब्जियों की खेती के लिए तैयारी करें। संक्रमण से बचने और वायु परिसंचरण में सुधार के लिए क्षतिग्रस्त, सड़ते हुए फलों और पीले/रोगग्रस्त पत्तियों को हटा दें। जो किसान पहले ही बोआई कर चुके हैं और अगर अंकुरण समान रूप से नहीं हो पाया हो तो खाली जगहों में पुन: बीज बोएँ या अगर एक ही जगह पौधों की संख्या ज्यादा हो गयी हो तो उसे उखाड़कर खाली जगह में लगा दें। आने वाले दिनों में वर्षा की संभावना को देखते हुए खड़ी फसलों में सिंचाई रोक दें और जल निकासी की सुविधा रखें। मौसम साफ होने तक खाद या कीटनाशकों का छिड़काव रोक दें। वर्षा जल संचयन के लिए अपने खेत के निचले भाग में छोटे -छोटे गड्ढे (डोभा) का निर्माण करें। |

## लघु संदेश सलाहकार:

| |
|---|
| पशुओं को गांठदार त्वचा रोग से बचाव हेतु टीकाकरण करवाएं। |

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| मक्का | जल्दी बोई गई फसल 3 सप्ताह की अवस्था में है। निराई-गुड़ाई और गुड़ाई करें। 16 किलोग्राम नाइट्रोजन प्रति एकड़ डालें और फिर मिट्टी चढ़ा दें। लंबे समय तक बादल छाए रहने और बारिश होने के कारण, मक्के में, विशेष रूप से अंकुरण से लेकर वानस्पतिक अवस्था तक, जीवाणु तना सड़न रोग के संक्रमण की संभावना हो सकती है। तना सड़न को नियंत्रित करने के लिए सूखे दिनों में कपर ऑक्सीक्लोराइड आधारित रसायनों का प्रयोग करें। |
| रागी | मड़ुआ की फसल जो 20 से 25 दिन पुरानी है उनमे निकाई - गुड़ाई करें, इसके पश्चात 22 किलोग्राम प्रति एकदम यूरिया का भुरकाव करे। |
| चावल | अनुमानित वर्षा को देखते हुए, धान की रोपाई 30 जुलाई से पहले पूरी करें। रोपाई से 7 दिन पहले नर्सरी क्षेत्र में 400 ग्राम क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 0.4% G या 800 ग्राम कार्टाप हाइड्रोक्लोराइड 4% GR का प्रयोग करें ताकि रोपाई के 3 सप्ताह बाद तक गॉल मिज, तना छेदक, केसवर्म, लीफ फोल्डर और रूट नॉट निमेटोड का नियंत्रण किया जा सके। |
| चावल | जो किसान भाई श्री विधि से धान की खेती करना कहते है वे रोपा के लिए खेत की तैयारी का रोपा का कार्य आरंभ करें। रोपा वाले खेत मे गोबर की खाद का प्रयोग 40 से 50 क्विंटल प्रति एकड़ के दर से करें तथा जल निकासी मे लिए नाली बनाएँ, रोपा से पहले खेत से पानी निकाल दें तथा एक –एक बिचड़े को 25 सेंटीमेटर की दूरी पर लगाएँ । |
| चावल | सीधी बुवाई वाले धान की फसल तीन से चार हफ़्ते की अवस्था में है। चूँकि आने वाले दिनों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है, इसलिए किसान भाई निराई गुड़ाई / खरपतवार नियंत्रण के लिए जाएँ। 35 किलो यूरिया प्रति एकड़ डालें, उसके बाद निराई-गुड़ाई करें और खाली जगहों को भरें। खाद डालते समय अतिरिक्त पानी निकाल दें और एक दिन बाद पानी को खेतों में डाल दें। |
| अरहर (लाल चना/ अरहर) | किसान भाई मौसम को देखते हुए अरहर की बुवाई करें। उन्नत किस्में - बिरसा अरहर - 1, IPA 15 - 2, उपास - 120, IPA 203, बिरसा अरहर 2, बीज दर 7 से 10 किलोग्राम प्रति एकड़ रखें। बीजों को बुवाई से पहले उपचारित कर लें। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| बैंगन | 20 से 25 दिनों के बैंगन के बिचड़े की रोपाई करें। इसके लिए दोमट एवं बुलाई दोमट मिट्टी का चयन कर खेत तैयार करें। कतार से कतार की दूरी 50 सेंटीमीटर रखें ततः पौध से पौध की दूरी 50 सेंटीमीटर रखें, संकर किस्म हेतु 60 सेंटीमीटर x 60 सेंटीमीटर रखें। |

## अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

| अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) | अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| सामान्य सलाह | बरसात के दिनों मे किसि भी दावा का छिड़काव साफ मौसम देख कर ही करें तथा दावा के घोल मे संडोवित या टीपोल ( 1 मिलिलीटर प्रति 2 लिटर पानी ) अवश्य मिलाएँ। इनके आभाव मे दावा के घोल को साबुन के पानी मे तैयार करें । इससे दावा को घोल चिपचिपा हो जाता है तथा हल्की वर्षा के बावजूद दावा पूर्णतया पौधे से धुलता नहीं है । |

## मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):

| |
|---|
| फसलों का गिरना |

## प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):

| |
|---|
| सब्जी नर्सरी को सहायता प्रदान करें। |

**Farmers are advised to download Unified �Mausam� and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.**

**Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/**

**Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details**

**Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details**